25 Ambikapur-BHOOMI-pg 1-0_Layout 1 1/25/2024 11:20 PM Page 1

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

# सरगुजा भूमि

हरिभूमि | बिलासपुर, शुक्रवार, 26 जनवरी 2024

## खबर संक्षेप

### राशन कार्ड का नवीनीकरण कराने की अंतिम तिथि 29 फरवरी तक

**बलरामपुर।** जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत जिले में प्रचलित समस्त अन्त्योदय, प्राथमिकता, निराश्रित, निःशक्त जन राशन कार्ड तथा सामान्य राशन कार्ड का नवीनीकरण कराने की तिथि 25 जनवरी से 29 फरवरी तक निर्धारित किया गया है। राशन कार्ड का नवीनीकरण कराने के लिए राशन कार्ड में शामिल कम से कम एक सदस्य का ई-केवाईसी पूर्ण होना आवश्यक है। अत्याधिक वृद्ध तथा शारीरिक रूप से निःशक्त ऐसे हितग्राही जिनके लिए नॉमिनी नियुक्त है उन्हें उपरोक्त प्रावधान से छूट होगी। नवीनीकरण कराने की प्रक्रिया के तहत हितग्राही खाद्य विभाग की वेबसाईट खाद्य डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन में उपलब्ध राशन कार्ड नवीनीकरण एप्प को अपने एंड्रॉयड मोबाइल में डाउनलोड करें तथा नियमानुसार विकल्प के जरिए आवेदन प्रस्तुत करें। खाद्य विभाग के एप्प के जरिए वर्तमान राशन कार्ड में उपलब्ध क्यूआर कोड को स्कैन कर आवेदन प्रस्तुत करना होगा या उचित मूल्य दुकान संचालक के टैबलेट या मोबाइल में इंस्टॉल विभागीय एप्प के जरिए क्यूआर कोड स्कैन कराकर अथवा अपना राशन कार्ड नंबर तथा मोबाइल नंबर दर्ज कराकर आवेदन प्रस्तुत करना होगा। ऑफलाईन मोड पर इलेक्ट्रानिक आवेदन प्रस्तुत करने के साथ-साथ आवेदक द्वारा लिखित आवेदन भी उचित मूल्य दुकान में जमा करना होगा। नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत करने के 30 दिवस के भीतर ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय के माध्यम से सामान्य (एपीएल) कार्ड को छोड़कर शेष सभी कार्ड निःशुल्क प्रदाय किया जाएगा। सामान्य (एपीएल) कार्ड हेतु 10 रूपये की राशि निर्धारित है।

### सूरजपुर जिले में विधायक रेणुका सिंह होंगी मुख्य अतिथि, तैयारियां पूर्ण

# सरगुजा में कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े बलरामपुर में नेताम फहराएंगे तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- सुबह नौ बजे होगा मुख्य समारोह

शुक्रवार को गणतंत्र दिवस का समारोह संभागभर में धूमधाम से मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सरगुजा में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगी। इसके साथ ही बलरामपुर जिले में कृषि मंत्री रामविचार नेताम ध्वज फहराएंगे। सूरजपुर जिले में विधायक श्रीमती रेणुका सिंह तिरंगा फहराएंगी। जिला मुख्यालयों में आयोजित होने वाले इन समारोहों को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। समारोह के दौरान स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। बता दें कि संभाग में 75 वां गणतंत्र दिवस समारोह को







लेकर लम्बे समय से तैयारियां की जा रही है। सरगुजा जिले में 26 जनवरी के दिन गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में पीजी कॉलेज ग्राउंड में मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर 24 जनवरी को ही फाइनल रिहर्सल पूर्ण किया जा चुका है। शुक्रवार को गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्रीमती राजवाड़े पीजी कॉलेज मैदान में पहुंचने के साथ ही सुबह 9 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी लेंगी। बलरामपुर जिले का मुख्य समारोह पुलिस लाइन मैदान में मनाया जाएगा। इस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में कृषि मंत्री रामविचार नेताम शामिल होंगे और ध्वज फहराकर सलामी लेंगे। इसके साथ ही सूरजपुर जिले का मुख्य समारोह जिला मुख्यालय के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित किया गया है। सूरजपुर जिले में भरतपुर सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी और सुबह 9 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी लेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रातः 9 बजे ध्वज फहराया जाएगा, 9.2 से 9.5 बजे ध्वज सलामी एवं राष्ट्रगान, 9:5 बजे परेड कमांडर द्वारा परेड रिपोर्टिंग पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया जाएगा। प्रातः 9.15 बजे हर्ष फायर, 9.23 बजे मार्च पास्ट एवं परेड, 9.35 बजे पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया जाएगा। 10.5 बजे गुब्बारा उड्डयन, 10.7 पर परेड निष्क्रमण, 10.12 पर शहीद के परिजन का सम्मान एवं फोटो सेशन होगा। इसके साथ ही सुबह 10.22 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें स्कूल कॉलेज के छात्र छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीतों की धुन पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम उपरान्त सुबह 10.50 से विभागीय झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। समारोह के अंतिम चरण में 11.20 बजे से जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा व आभार प्रदर्शन के बाद समारोह के समापन की घोषणा की जाएगी।

## कुमारी सुलेखा का चयन खरगोन में आयोजित राष्ट्रीय जूनियर नेटबॉल प्रतियोगिता में

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मध्यप्रदेश के खरगोन में आयोजित 36वीं राष्ट्रीय जूनियर नेटबॉल प्रतियोगिता में सरगुजा नेटबॉल संघ की खिलाड़ी कुमारी सुलेखा टोप्पो का चयन किया गया है। कुमारी सुलेखा 25 से 28 जनवरी तक आयोजित प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ जूनियर बालिका नेटबॉल टीम की ओर से अपने प्रतिभा का जौहर दिखाएंगी। बड़ी बात यह है कि सुलेखा इसके पूर्व राष्ट्रीय स्तर की सब जूनियर प्रतियोगिता में शामिल हो चुकी है।



आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से आने वाली सुलेखा के पिता एक फोटो कॉपी दुकान पर काम कर अपने परिवार का जीवन यापन करने के साथ ही ना सिर्फ पुत्री को शिक्षित करने का काम कर रहे है बल्कि उसे उसे खेल गतिविधियों के लिए भी प्रोत्साहित कर रहे है। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सुलेखा टोप्पो बचपन से ही गांधी स्टेडियम बास्केटबाल ग्राउंड पर अभ्यास करती हैं व नये खिलाड़ी तैयार करने में सहायक कोच का भी काम करती है। कु. सुलेखा टोप्पो के राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होने पर वेदांत तिवारी, शानु कश्यप, लप्पू कश्यप, दीपक सोनी, कुमारी खुशबु गुप्ता, प्रियंका पैकरा, प्रिया जायसवाल एवं अन्य सदस्यों ने भी बधाई दी।

## हाइवे पेट्रोलिंग के दौरान जान बचाने वाले आरक्षक अमित व कुमार सानू को सीएम ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा लघु फिल्म महोत्सव के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों जिले के दो आरक्षकों को भी सम्मानित किया गया है। यातायात विभाग में पदस्थ इन आरक्षकों ने अपनी ड्यूटी के दौरान ना सिर्फ लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया बल्कि ड्यूटी के दौरान तत्परता का परिचय देते हुए कई घायलों की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई है। बता दें कि रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आतिथ्य में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा लघु फिल्म महोत्सव का आयोजन किया गया था। इस समारोह में प्रदेश के यातायात विभाग से चयनित 26 पुलिसकर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। प्रदेश में सम्मान पाने वालों में जिले के यातायात विभाग के हाइवे पेट्रोलिंग टीम में तैनात आरक्षक अमित मिंज व कुमार सानू का नाम भी शामिल है। मुख्यमंत्री ने दोनों आरक्षकों को सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को तत्परता के साथ समय रहते अस्पताल पहुंचाने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। दोनों ही आरक्षक ड्यूटी के साथ ही किसी भी समय दुर्घटना की जानकारी मिलने पर समय पर घटना स्थल पर पहुंचते है और अपने प्रयासों की बदौलत इन्होने कई लोगों की जीवन को बचाने का काम किया है। सीएम द्वारा सम्मान पाने के साथ ही आरक्षकों ने बेहतर पुलिसिंग के जरिए जिले का नाम रौशन किया है।




सम्मानित आरक्षक।

## अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत, दो लोग हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बोलेरो व ट्रैक्टर की टक्कर से अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार जशपुर थाना अंतर्गत ग्राम घौटाटोली निवासी दिनेश्वर लोहार आ. दुलवा लोहार (40 वर्ष) सोमवार की शाम गांव के महादेव मंदिर से पूजा कर पैदल घर आ रहा था। इसी दौरान घौटा टोली मुख्य मार्ग पर पीछे से आ रहे बोलेरो के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में दिनेश्वर गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार दूसरी घटना में सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम उडुमकेला निवासी नैहर साय आ. कतको (40 वर्ष) मंगलवार को गांव के ही बिहानू व रूपेश के साथ बाइक से मैनपाट जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार ग्राम कुनिया मुख्य मार्ग कमलेश्वरपुर के समीप पहुंचे तभी ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गए। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने घायल नैहर साय की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार दौरान उसकी मौत हो गई जबकि दो घायलों का उपचार कमलेश्वरपुर अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने दोनों ही मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।




प्रदीप राय
विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, लखनपुर


समीम खान
हरिभूमि प्रतिनिधि, लखनपुर


आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
विजय अग्रवाल
लखनपुर
सौरभ अग्रवाल
भाजपा नेता, लखनपुर


आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मैरी लिला लकड़ा
वन परिक्षेत्र अधिकारी, लखनपुर


आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
कैलाश मिंज
थाना प्रभारी, धौरपुर


डॉ. अजय तिर्की
महापौर- नगर पालिक निगम अम्बिकापुर


राकेश गुप्ता
अध्यक्ष - जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा


जय हिन्द वन्दे मातरम्
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
रामविचार नेताम
कैबिनेट मंत्री
छत्तीसगढ़ शासन


जय हिन्द वन्दे मातरम्
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
विक्रम प्रताप सिंह (अंशु बाबा)
जनपद सदस्य - चंगोरी (लुण्ड्रा)
एवं उपाध्यक्ष-शूटिंग एसोसिएशन सरगुजा



# अरबाज खान के हाथ लगी एक बड़ी फिल्म...

**मुंबई।** नवाजुद्दीन सिद्दीकी और रेजिना कैसेंड्रा की आगामी फिल्म 'सेक्शन 108' में हाल ही में शूरा खान के साथ शादी के बंधन में बंधे अभिनेता अरबाज खान नजर आएंगे। अभिनेता फिल्म में एक शक्तिशाली व्यवसायी की भूमिका निभाते नजर आएंगे। फिल्म फिलहाल लोनावला में अपने आखिरी शेड्यूल में है। प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए अरबाज ने कहा, 'यह एक बेहतरीन स्क्रिप्ट है और शादी के बाद मुझे ऑफर की गई पहली फिल्म भी है। वास्तव में, यह एक शानदार भूमिका है। 'सेक्शन 108' की टीम वास्तव में ऊर्जावान और अद्भुत है।

## लाइफ Style

# नोरा
## ध्रुव सरजा की फिल्म में हुई एंट्री

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नोरा फतेही जितना बेहतरीन डांस करती हैं, उतनी ही बेहतरी एक्ट्रेस भी हैं। वह बॉलीवुड कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं। अब उनकी झोली में एक कन्नड़ फिल्म भी आ चुकी है। यह फिल्म कन्नड़ इंडस्ट्री के यंग सुपरस्टार ध्रुव सरजा के साथ देखेंगी।

इस फिल्म में संजय दत्त भी विलेन के किरदार में नजर आएंगे। यह एक पैन इंडिया फिल्म होगी। यह फिल्म का टाइटल टीजर अक्टूबर 2022 में जारी हुआ था। ध्रुव सरजा स्टारर इस फिल्म का नाम 'केडी-द डेविल' है। फिल्म से नोहा का फर्स्ट लुक आउट हुआ है। फिल्म के फर्स्ट लुक में नोरा को रेड कलर की ड्रेस में दिखाया गया है, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही हैं। नोरा का अनाउंसमेंट पोस्टर निश्चित रूप से फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा रहा है। पैन-इंडिया फिल्म 'केडी- द डेविल' 1970 के दशक की बेंगलुरु की सच्ची घटनाओं पर आधारित एक पीरियड एक्शन एंटरटेनर है। नोरा फतेही और ध्रुव सरजा के अलावा इसमें शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, रमेश अरविंद और वी रविचंद्रन भी हैं। फिल्म अपराधियों और ठगों के इर्द-गिर्द घूमती है। 'केडी-द डेविल' केवीएन प्रोडक्शंस प्रेम द्वारा निर्देशित व प्रस्तुत है। फैन इंडिया फिल्म तमिल, कन्नड़, तेलुगु, मलयालम और हिंदी में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। बात करें वर्कफ्रंट की तो नोरा फतेही जल्द ही विद्युत जामवाल के साथ 'क्रैक- जीतेगा तो जिएगा' में नजर आएंगी। इसमें एमी जैक्सन और अर्जुन रामपाल भी हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# प्रियंका ने साइन की द ब्लफ!

लांस एंजिलिस। ग्लोबल आइकन बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा के करियर के सितारे इन दिनों बुलंदियों के शिखर पर हैं। अभिनेत्री बैक-टू-बैक हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स साइन कर रही हैं। 'देसी गर्ल' आखिरी बार एक्शन से लबरेज सीरीज 'सिटाडेल' में नजर आई थीं। वहीं, अभिनेत्री रिचर्ड मैडेन स्टारर इस एक्शन-पैक्ड स्पाई थ्रिलर सीरीज के दूसरे सीजन में भी नजर आने वाली हैं। मीडिया रिपोर्ट्र्स के मुताबिक, अब उनके फैंस के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है।




# जेम्स गन ने दिया बड़ा अपडेट...

**लांस एंजिलिस।** डीसी स्टूडियोज के सह-प्रमुख जेम्स गन ने इस बैनर तले बनने जा रही कई फिल्मों को लेकर बड़ा अपडेट फैंस के साथ साझा किया है। हाल ही में थ्रेड्स पर प्रशंसकों के साथ एक बातचीत में उन्होंने उन्होंने जे जे अब्राम्स के सुपरमैन प्रोजेक्ट सहित डीसी यूनिवर्स को लेकर कई जानकारियां दीं। थ्रेड्स पर बातचीत के दौरान उन्होने पुष्टि की कि अब्राम्स की सुपरमैन एल्सेवर्ल्ड फिल्म अब भी विकास के चरण में है। साल 2021 में यह बताया गया था कि अब्राम्स ता-नेहीसी कोट्स के साथ सुपरमैन रीबूट का निर्माण और साथ ही, इसका लेखन भी कर रहे थे। हालांकि, फिल्म का कोई कथानक सामने नहीं आया था, लेकिन यह बताया जा रहा है कि यह सुपरमैन एक दूसरे यूनिवर्स में मौजूद होगा न कि उसी ब्रह्मांड में जिसे गन सुपरमैन लेगेसी के लिए विकसित कर रहे हैं।



# भूमि की फिल्में फरवरी में ही होती हैं रिलीज

**मुंबई।** भूमि पेडनेकर का नाम बॉलीवुड इंडस्ट्री की चर्चित अभिनेत्रियों में से एक है। अभिनेत्री इन दिनों अपनी आगामी क्राइम थ्रिलर फिल्म 'भक्षक' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। अक्सर देखा जाता है कि अभिनेत्री की ज्यादातर फिल्में फरवरी महीने में ही रिलीज होती हैं। वहीं, भूमि की आगामी फिल्म 'भक्षक' भी फरवरी के महीने में रिलीज होने के लिए तैयार है। इस बीच अब अभिनेत्री ने खुलासा किया कि उनकी फिल्में फरवरी के महीने में ही क्यों रिलीज होती हैं? तो चलिए जानते हैं... भूमि पेडनेकर ने एक बातचीत में कहा, 'अभिनय की दुनिया में कदम रखने के बाद से ही फरवरी का महीना मेरे लिए सबसे खास रहा है। मेरी पहली फिल्म 'दम लगा के हईशा' फरवरी में रिलीज हुई थी। इस फिल्म से मुझे बहुत प्रशंसा और सम्मान मिला है।




# रिलीज हुआ किरण की मूवी का ट्रेलर...

**मुंबई।** एक्टिंग की दुनिया से दूर आमिर खान बहुत जल्द फिल्ममेकर के तौर पर वापसी करते हुए नजर आएंगे। लंबे समय से अभिनेता के प्रोडक्शन हाउस में बनी मूवी लापता लेडीज का नाम सुर्खियों में बना हुआ है। इस बीच आमिर की मोस्ट अवेटेड फिल्म का ट्रेलर लॉन्च कर दिया गया है। इस फिल्म की कहानी पत्नी की अदला-बदला के दिलचस्प किस्से पर आधारित है। आइए एक नजर आमिर खान की एक्स वाइफ किरण राव के डायरेक्शन में बनी इस मूवी के ट्रेलर पर डालते हैं। बुधवार को जियो स्टूडियोज ने अपने ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर आमिर खान के बैनर तले बनी फिल्म लापता लेडीज का शानदार ट्रेलर रिलीज किया गया है। स्पर्श श्रीवास्तव स्टारर लापता लेडीज में पत्नी की अदला-बदली की कहानी को बखूबी दर्शाया गया है।

## टीवी मसाला



# ... रो पड़ीं दीपिका, अरुण गोविल भी हुए निराश...

**मुंबई।** डीडी के रामायण में देवी सीता की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री दीपिका चिखलिया अयोध्या में राम मंदिर उद्घाटन के दौरान रो पड़ीं। अभिनेत्री मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए आमंत्रित कई सितारों में से एक थी। उनके साथ शो में भगवान राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल और लक्ष्मण का रोल निभाने वाले सुनील लाहिरी भी शामिल हुए थे। हाल ही में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में, दीपिका न केवल दिखाई दीं बल्कि उद्घाटन के दौरान वो अपने आंसू पोंछती भी नजर आईं। जहां दीपिका अपने आंसू नहीं छिपा सकीं, वहीं अरुण गोविल ने निराशा व्यक्त की कि उन्हें उद्घाटन के दिन दर्शन नहीं मिल सके। रिपोर्ट के अनुसार, अरुण से राम मंदिर पर उनकी प्रतिक्रिया के बारे में पूछा गया और अभिनेता ने कहा, 'सपना तो भैया पूरा हो गया पर मुझे दर्शन नहीं हुए। मैं कुछ नहीं कह सकता इस समय (सपना तो पूरा हो गया लेकिन दर्शन नहीं कर पाया। मैं फिलहाल कुछ नहीं कह सकता)।'

## 'हिंदुत्व' की आवाज बुलंद करने आ रही हैं रामायण की 'सीता'

**मुंबई।** 22 जनवरी को पूरा देश राममय हो गया, जब अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। इस ऐतिसाहिक मौके को देखने के लिए देश के नामी लोग पहुंचे, जिसमें साधु और संतों के अलावा बॉलीवुड और टेलीविजन जगत के सितारे भी शामिल रहे। इस खास दिन 'रामायण' की सीता यानी कि एक्ट्रेस दीपिका चिखलिया भी शामिल रहीं। इसी हिंदुत्व की बात करते हुए इसके एक अलग पक्ष से युवाओं के दिलों के स्पंदन को महसूस कराने ओटीटी प्लेटफॉर्म मास्क टीवी पर 'हिंदुत्व' फिल्म रिलीज होने वाली है। फिल्म में एक ऐसी लड़की की कहानी कही गई है, जो अपनी संस्कृति को भुलाकर चकाचौंध में अपने अस्तित्व को ही नकारात्मक रूप से देखने लगती है। उसकी जिंदगी में तब सबकुछ बदलता है, जब एक पढ़ा लिखा लड़का उसमें हिंदुत्व के अलख जगाता है। इस 'हिंदुत्व' में हिंदुस्तान की प्राचीन सभ्यताओं के साथ ही वर्तमान के हालात को भी दिखाया गया है।

# आलिया, रणबीर-विक्की की जमेगी तिकड़ी....

**मुंबई।** संजय लीला भंसाली को निर्देशक हैं, जिनकी फिल्मों का फैंस को बड़ी ही बेसब्री से इंतजार रहता है। फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी की अपार सफलता के बाद अब संजय वापसी के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। डायरेक्टर की अगली मूवी का एलान हो गया है, जिसका नाम लव एंड वॉर है। खास बात ये है कि इस मूवी में हिंदी सिनेमा के मशहर कलाकार आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और विक्की कौशल की तिगड़ी बनेगी। लंबे समय से इस बात को लेकर चर्चा काफी तेज थी आखिर कब संजय लीला भंसाली अपने अगली फिल्म का एलान करेंगे। ऐसे में बुधवार 24 जनवरी को विक्की कौशल ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर संजय की अपकमिंग फिल्म की डिटेल्स शेयर कर फैंस की एक्साइटमेंट को बड़ा दिया है। संजय लीला भंसाली की अगली फिल्म के पोस्ट को शेयर कर विक्की ने लिखा है- आखिरकार मेरा सपना सच हो गया है। इस पोस्ट में संजय की लव एंड वॉर का नाम और रिलीज डेट लिखी है, साथ ही नीचे आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और विक्की कौशल के सिग्नेचर नजर आ रहे हैं।





# शादी की सालगिरह पर लुटाया प्यार

***मुंबई।*** *बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन और नताशा दलाल की बुधवार शादी की तीसरी सालगिरह थी। अपनी एनिवर्सरी के इस खास मौक पर एक्टर ने सोशल मीडिया पर पत्नी नताशा के साथ एक प्यारी सी फोटो शेयर की है। फैंस उनकी इस फोटो पर दिल खोलकर प्यार लुटा रहे हैं। बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन और उनकी पत्नी नताशा दलाल अक्सर साथ स्पॉट किए जाते हैं, जो दोनों के बीच की शानदार बॉन्डिंग को दर्शाता है। वरुण और नताशा की लव स्टोरी भी काफी अनोखी रही है। एक्टर होने के नाते वरुण की बड़ी फैन फॉलोइंग हैं, वहीं नताशा लाइमलाइट से दूर ही रहती हैं। वरुण धवन की पहली मुलाकात 6वीं क्लास में नताशा दलाल से पहली बार हुई थी।*

## जब भी मैं हनुमान जी के गेटअप में आता हूं, मेरे मुंह से गालियां नहीं निकलतीं हैं

# पर्दे पर भगवान का रोल करके कोई बन गया वेजिटेरियन तो किसी का गुस्सा हुआ कम

***मुंबई।*** *एक्टिंग के बारे में कहा जाता है कि हर किरदार कलाकार की जिंदगी में अपना कुछ न कुछ हिस्सा छोड़कर जाता है। वह कलाकार की जिंदगी में कोई न कोई बदलाव लाता है। कम से कम पर्दे पर भगवान श्रीराम, शिव जी, हनुमान, मां सीता, पार्वती आदि की भूमिकाएं निभाने वाले एक्टर्स तो इस बात से पूरी सहमति जताते हैं।*



### गुस्सा आना कम हो गया : निर्भय

पर्दे पर कई शोज में बजरंग बली का किरदार निभा चुके ऐक्टर निर्भय वाधवा एक बार फिर सीरियल 'श्रीमद् रामायण' में भगवान हनुमान का किरदार निभा रहे हैं। उनका कहना है, 'मुझमें इस किरदार को निभाने के बाद बहुत ज्यादा बदलाव आया है। आप बुरी आदतों से खुद-ब-खुद दूर हो जाएंगे। अगर आप कुछ सेवन करते हैं, नॉन वेज, सिगरेट, शराब छूट जाएंगे। मैं ये सब पहले भी नहीं लेता था, लेकिन हनुमान जी का रोल करने के बाद तो मैं इन चीजों को दूर से हाथ जोड़ता हूं। मेरी अंदर से इच्छा ही नहीं होती है। मुझे गुस्सा आना कम हो गया।



### गालियां भूल जाता हूं : दानिश

'कर्माधिकारी शनिदेव' में हनुमान का किरदार निभा रहे दानिश अख्तर के मुताबिक, हनुमान जी का किरदार एक इंसान को बदल देता है। हर कोई हनुमान जी का किरदार नहीं कर सकता, क्योंकि यह करना आसान नहीं है। जब भी मैं हनुमान जी के गेटअप में आता हूं, मेरे मुंह से गालियां नहीं निकलतीं। '

### आध्यात्म से हो गया जुड़ाव : शुभा



इन दिनों सीरियल 'शिव शक्तिः तप, त्याग तांडव' में मां पार्वती का रोल कर रहीं ऐक्ट्रेस शुभा राजपूत भी इस किरदार को खास मानती हैं। उन्होंने कहा- बकौल शुभा, यह मेरे लिए सिर्फ एक भूमिका नहीं है, यह मेरे लिए एक ट्रांसफॉर्मेटिव जर्नी है। इस किरदार को रियल बनाने के लिए मैंने रोज मेडिटेशन करना और पौराणिक किताबें पढ़नी शुरू की थीं। फिर जिस आदत को मैंने एक रोल के तैयारी के रूप में शुरू किया था, अब वह जिंदगी का हिस्सा बन चुका है। अब रोज अध्यात्म करना और पौराणिक किताबें पढ़ना मेरी दिनचर्या का हिस्सा है। इस वजह से मेरे व्यक्तित्व में गंभीरता और मेरे चंचल मन में सुकून आया है। मैं खुद में ये पॉजिटिव बदलाव महसूस किया है।

### शांत और पॉजिटिव हो गईः शिव्या



हिमाचल की कुड़ी एक्ट्रेस शिव्या पठानिया ने पर्दे पर माता सीता, लक्ष्मी, पार्वती जैसे कई पौराणिक किरदार निभाए हैं। उनका मानना है कि ऐसे किरदार भगवान की कृपा से ही मिलते हैं। सीरियल 'बाल शिव' में पार्वती और 'राम सिया के लव कुश' में माता सीता का रोल करने वाली शिव्या का कहना है, 'ऐसे किरदार निभाने से आप बहुत सारी क्वॉलिटीज अपने अंदर लाते हैं। आपमें कुछ बुराई भी होती है, तो आप उसे ठीक करने लग जाते हैं। जैसे, सिया के रोल के लिए आपका मन शांत होना चाहिए और वही बदलाव मैं भी अपने अंदर लेकर आई।

### पहाड़ों में जाकर ध्यान करने वाला था : हिमांशु



एक्टर हिमांशु सोनी भी छोटे पर्दे पर राम, शिव, बुद्ध, विष्णु जैसे भगवान वाले किरदारों को जीवंत कर चुके हैं। लेकिन सालों पहले 'बुद्धः राजाओं के राजा' में भगवान बुद्ध की भूमिका का उन पर निजी तौर पर भी गहरा असर हुआ था। हिमांशु ने बताया था, 'बुद्ध का किरदार निभाने के दौरान मेरे साथ ऐसा हुआ था कि मैं बुद्ध के जोन से निकल ही नहीं पा रहा था। मैंने यहां तक सोच लिया था कि मैं हिमाचल में पहाड़ों में जाकर मेडिटेशन करूंगा। हालांकि, कुछ समय बाद यह अहसास हो गया कि दुनिया में रहने के लिए इंसान ही रहना होगा। आप भोले बन गए, तो जी नहीं पाओगे। तब मैंने खुद को संभाला कि आप ऐक्टर ही रहो। जब तक किरदार निभाओ, तब तक ही उसमें रहो।'

25 Ambikapur-BHOOMI-pg 5_Layout 1 1/25/2024 11:18 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### धान खरीदी की तिथि 15 दिवस बढ़ाने की मांग

**अंबिकापुर।** भारतीय किसान संघ ने धान खरीदी की तिथि 15 दिवस बढ़ाने की मांग की है। इस संबंध में संघ की ओर से सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। संघ ने बताया कि प्रदेश में असमय हुई वर्षा के कारण धान खरीदी प्रभावित हुई है। बारिश के कारण समितियों में खरीदी नहीं हो पाई। ऐसे में जिन किसानों का टोकन धान खरीदी नहीं होने के कारण निरस्त हुआ उन किसानों के लिए एवं ऐसे किसान जो किसी कारणवश धान नहीं बेच पाये हैं उन सभी किसानों के लिए धान खरीदी की समय सीमा बढ़ाई जाने की आवश्यकता है। उन्होंने किसानों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए तत्काल धान खरीदी की समय सीमा 31 जनवरी बढ़ाकर 15 फरवरी करने की मांग की है।

### ग्राम सभा की बैठक में विकास कार्यों की हुई समीक्षा

**बिहारपुर।** विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत ग्राम पंचायत महुली में मंगलवार को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इंजीनियर लक्ष्मण जायसवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में ग्राम में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा कर शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गयी। इस दौरान कुआं, डबरी एवं मेड़बंदी सहित विभिन्न कार्यों का प्रस्ताव पारित किया। तथा उपस्थित ग्रामीणों को विभिन्न कार्यों से अवगत कराया गया। ग्रामीणों को 27 जनवरी को बिहारपुर में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में उपस्थित होने की जानकारी दी गई। इस दौरान गांव से सभी जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### मासूम के गले से सिक्का निकाल चिकित्सकों ने बचाई जान

**अम्बिकापुर।** खेलते समय पांच का सिक्का निगल लेने से गंभीर हुई मासूम को चिकित्सकों की टीम ने लगभग डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद सिक्का को गले से निकाला। मासूम को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। जानकारी के अनुसार गंगापुर निवासी अशोक की दो वर्षीया पुत्र आइशा शुक्रवार को घर में खेलने के दौरान ही पांच का सिक्का निगल ली। इधर बालिका के रोने व तबीयत बिगड़ते देख परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने मासूम का एक्स-रे कराया तो पता चला कि उसके गले में पांच का सिक्का अटका हुआ है। जिससे उसे खाने पीने तथा सांस लेने में परेशानी हो रही है। डॉ. अभिषेक व डॉ. दुर्गा ने घटना की जानकारी डॉ. बीआर सिंह को दी। इधर सीनियर चिकित्सक डॉक्टर बीआर सिंह, डॉ. अनुपम मिंज के निगरानी में मासूम को बेहोश कर लगभग डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद सिक्का को गले से निकाला गया। चिकित्सकों ने मासूम के होश में आने तथा स्वस्थ होने पर प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी।

### शराब व महुआ लहान के साथ पकड़ाया ग्रामीण

सूरजपुर। क्षेत्र में गश्त कर रहे आबकारी विभाग को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सिरसी निवासी कैलाश गुप्ता घर में अंग्रेजी व महुआ शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना पर आबकारी विभाग के टीम ने कैलाश गुप्ता के घर दबिश देकर उसे घर से अंग्रेजी व महुआ शराब के अलावा शराब बनाने के लिए रखे 15 किलो महुआ लहान जब्त किया। आबकारी विभाग की टीम ने आरोपी व जब्त शराब सहित महुआ लहान को कोतवाल पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

## झोला, टोकरी लेकर छेरछेरा मांगने घर घर पहुंचा बच्चों की टोली

# जिले में धूमधाम से मनाया गया छेरता त्यौहार




छेरता मांगते बचचे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

छेरछेरा त्यौहार आज जिले में धूमधाम से मनाया गया। छेरता त्यौहार पर शहर की अपेक्षा ग्रामीणों में काफी उत्साह देखने को मिला खास कर बच्चों में। सुबह से ही बच्चे कंधे में झोला लटकाए और हाथ में टोकरी पकड़े गली मोहल्लों में छेरछेरा माई कोठी के धान ला हेरहेरा का नारा लगाते नजर आए। बच्चों की टोलियों द्वारा घर घर जाकर छेरछेरा मांगने का दौर रात तक चलता रहा है।

**खास बात**

- कई क्षेत्रों में दो मनाए गए छेरता

पौष माह के पूर्णिमा के दिन मनाये जाना वाला छेरछेरा त्यौहार ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया। धान कटाई और मिसाई पूरा होने तथा दो महीने के बाद फसल को घर तक लाने की खुशी में आज छेरछेरा त्यौहार पर ग्रामीण काफी उत्साहित नजर आए। छोटे से लेकर बड़ो की अलग-अलग टोली गांव के घर घर जाकर छेरछेरा माई कोठी के धान ला हेरहेरा के नारा लगाते नजर आए। कड़ाके की ठंड से लोग अलाव जलाकर घर के सामने बैठे रहे परंतु छेरछेरा पर्व को लेकर उत्साहित बच्चों की टोली ठंड की परवाह किए बगैर ही कंधे में झोला लटकाए और हाथ में टोकरी लेकर घर घर जाकर नारा लगाने के साथ ही आंगन में लाइन लगाकर बैठ छेरछेरा मांगा। बच्चों के उत्साह को देख गांव के लोगों ने भी टोली के सभी सदस्यों को धान का दान किया। हर घर से धान मिलने से बच्चे उत्साहित नजर आए और गली मोहल्लों में छेरछेरा माई कोठी के धान ला हेरहेरा के नारा लगाते रहे। बच्चों की टोली द्वारा घर घर जाकर छेरता मांगने का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा है। रात में महिलाएं व पुरुष की टोली अलग-अलग पंथी बनाकर घर के सामने लोकडी के नाम से मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी।

**मनाते है पिकनिक**

छेरछेरा त्यौहार पर बच्चो की टोली द्वारा घर घर जाकर नारा लगाने और धान का संग्रहण करते है। यह सिलसिला पूरे दिन चलता है। संग्रहित धान को बच्चों की टोली दुकान में बदल कर चावल सहित अन्य खाद्य सामग्री लेते है और फिर टोली गांव के समीप ही पेड़ के नीचे पिकनिक मनाते है। हालांकि कई टोली के रात में लोकडी नृत्य प्रस्तुति करने कारण दूसरे दिन पिकनिक मनाने जाते है।

**दान करने से होती है धन की शुद्धि**

किसानों की धान मिसाई हो जाने के कारण गांव के हर घर में धान का भंडार होता है। जिस कारण लोग छेरछेरा मांगने वालों को धान दान करते है। इस दिन लोग तलुआ रोटी समेत मांस-मदिरा को आहार मानकर सेवन करते है। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश लोग खेती-किसानी पर निर्भर रहते है। मान्यता है कि अन्न दान करने का पर्व छेरछेरा मनाने तथा इस दिन धान दान करने से धन की शुद्धि होती है।

### दो दिन मनाया गया छेरता त्यौहार

**लखनपुर।** विकासखंड के कई गांव में छेरता त्यौहार हर्षोल्लास के साथ दो दिन मनाया गया। बुधवार को कई गांव में छेरता मनाया गया तो आज भी क्षेत्र के कई गांव में छेरता की धूम रही। सभी ग्रामीण अपने घरों में नए चावल का चूड़ा, गुड़ तथा तेल के साथ व्यंजन बनाया जिन्हें प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया गया। इधर बच्चों की टोली घर- घर गीत गाते हुए पहुंची और मुट्ठी भर अनाज मांगा। अनाज संग्रहण करने के पश्चात अनाज को पकाकर सामूहिक रूप से भोजन किया। बच्चों को हर वर्ष इस छेरछेरा त्यौहार का इंतजार बेसब्री से रहता है। लखनपुर जनपद के ग्राम कुंवरपुर सिरकोतंगा, नवापारा, चांदो, जमगला, रजपुरी सहित आसपास के कई ग्रामों में भी छेरता पर्व उल्लास पूर्वक मनाया गया। मान्यता है कि इस माह एवं त्योहार में जो भी दान किया जाता है वह महादान होता है जिसके सुखद फल भी प्राप्त होते हैं।

# मतदान पर रखी जाती है लोकतंत्र की नींव: तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गुरुवार को जिपं सभाकक्ष में 14 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरगुजा राम कुमार तिवारी के मुख्य आतिथ्य एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भोस्कर विलास संदिपान की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्रों ने मतदाता जागरूकता को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम कुमार तिवारी ने कहा कि हमारा देश विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र की नींव मतदान पर ही रखी जाती है। इस प्रणाली पर आधारित समाज व शासन की स्थापना के लिए मतदान करना आवश्यक है। प्रत्येक मतदाता को बिना किसी भेदभाव, भय रहित होकर मताधिकार का इस्तेमाल करना चाहिए। राज्य और देश के सर्वांगीण उन्नति के लिए हमारा वोट हमारा कर्तव्य है। कलेक्टर श्री संदिपान ने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए एक एक वोट महत्वपूर्ण है। हमारा वोट हमारी ताकत है। इस ताकत का इस्तेमाल कर आप अपने जनप्रतिनिधि का चुनाव करते हैं जोकि आपके क्षेत्र के विकास और बुनियादी सुविधाओं को उपलब्ध कराने में अपनी भूमिका निभाते हैं। इस दौरान छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग की ओर मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत घर-घर जाकर उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को सहायता राशि देकर सम्मानित किया गया। वहीं स्वीप गतिविधियों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए निजी महाविद्यालय के प्राचार्य, स्काउट गाइड और जिला आइकन को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान भयमुक्त होकर निष्पक्ष मतदान हेतु मतदाता शपथ भी ली गई। नवीन मतदाताओं को ईपिक कार्ड का वितरण किया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक, जिपं सीईओ नूतन कंवर, ननि अभिषेक कुमार, जिला साक्षर अधिकारी गिरीश गुप्ता, जिला आईकन संजय सुरीला, वंदना दत्ता, तमन्ना जायसवाल, सुश्री रीता अग्रवाल, डॉ. नीरज वर्मा एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

- जिला एवं सत्र न्यायाधीश व कलेक्टर ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर किया सम्मानित



## पीजी कॉलेज के विद्यार्थियों को मिला रोजगार का अवसर

**अंबिकापुर।** सरगुजा संभाग के अग्रणी महाविद्यालय राजीव गांधी शासकीय पीजी कॉलेज में बुधवार को विद्यार्थियों को जॉब अपॉर्चुनिटी मिल। महाविद्यालय के करियर काउंसलिंग सेल के प्रयासों से अजीज प्रेमजी फाउंडेशन टीम के जॉय, राजेश, कबीर व शंखपाल एवं कॉलेज की पूर्व छात्रा चांदनी ने विद्यार्थियों के साथ समाज सेवा व रोजगार के विभिन्न आयामों पर चर्चा की। प्राचार्य व अपर संचालक डॉ. एसएस अग्रवाल ने करियर काउंसलिंग टीम व अजीज प्रेमजी फाउंडेशन के सदस्य का स्वागत किया और विद्यार्थियों को इस अवसर का भरपूर लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। काउंसलिंग सेल के संयोजक डॉ. एसएन पांडेय के नेतृत्व में सदस्य डॉ. दीपक सिंह, डॉ. विजयलक्ष्मी शास्त्री, डॉ. अजय पाल सिंह, सुश्री दीपिका स्वर्णकार, विनीत कुमार गुप्त व श्रीमती रश्मित कौर ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। डॉ. रिजवान उल्ला ने विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास की बात कही। इस दौरान बड़ी संख्या में विभिन्न महाविद्यालयों विद्यार्थी उपस्थित थे। प्लेसमेंट के दौरान एसोसिएट रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित विद्यार्थियों का चयन किया गया।



# साहू समाज के परिचय सम्मेलन में पहुंचे प्रदेशभर के सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिला साहू संघ द्वारा पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं भामा शाह भवन लोकार्पण पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, धनेश्वर साहू, लक्ष्मी गुप्ता, दयाराम साहू, प्रभात साहू के आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेशभर के समाज के लोग सपरिवार शामिल हुए। प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल साहू ने समाज की कुरीतियों को दूर करने एवं इसके लिए आगे आने का आह्वान किया। थानेश्वर साहू और धनेन्द्र साहू ने कहा निःशकोच होकर युवक युवतियों को अपना परिचय देना चाहिए और अपनी झिझक को मिटाना चाहिए। पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि प्रदेश साहू संघ ने सबसे पहले परिचय सम्मेलन की शुरूआत की। यह कार्यक्रम सभी जिलों में हर वर्ष होना चाहिए। कार्यक्रम में युवक-युवती अपना परिचय भी देते रहे। इस दौरान उन्होंने स्मारिका का विमोचन किया गया। इस दौरान श्रीमती कल्पना गुप्ता, अभय साहू, श्रीमती सुधा गुप्ता, श्रीमती रूपा गुप्ता, श्रीमती मंजु गुप्ता, प्रयागराज साहू, सरोज साहू, रामवतार गुप्ता, उपेन्द्र साहू, सुभाष साहू, राजकुमार गुप्ता, जवाहर गुप्ता, सहित बड़ी संख्या में विभिन्न जिलों के सदस्य उपस्थित थे।




कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

# उपयोग किए गए पानी का शोधन कर लाया जाए काम में

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पीएचई के पूर्व प्रमुख अभियंता डॉ. आरएन गुप्ता की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जल संगठन का तीन दिवसीय वार्षिक सम्मेलन का समापन कोयम्बटूर में 21 जनवरी को किया गया। सम्मेलन में शामिल विशेषज्ञों ने शुद्ध पेयजल एवं उपयोग किए गए पानी के शुद्धिकरण पश्चात उपयोग पर अपने विचार व्यक्त किए। पूर्व मुख्य अभियंता श्री गुप्ता ने सम्मेलन में कहा कि पानी के उपयोग में लगातार वृद्धि हो रही है तथा भू-जल स्तर को रिचार्ज किए बिना लगातार बेतरतीब तरीके से पानी का दोहन किया जा रहा है जो भविष्य के लिए अच्छा संकेत नहीं है। उपलब्ध जल श्रोतों पर लगातार बढ़ रहे दबाव को कम करने के लिए अब उपयोग किए गए पानी को शुद्धिकरण पश्चात काम लाने की आवश्यक है। उपयोग किए गए पानी का उपयोग शीघ्र प्रारंभ नहीं किया गया तो भविष्य में भारी जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। मुम्बई, गुजरात, महाराष्ट्र जैसे राज्य उपयोग किए गए पानी का ट्रीटमेंट कर सफलतापूर्वक इसका उपयोग कर रहे हैं। लेकिन छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों में इसका उपयोग अब तक प्रारंभ नहीं किया गया है, जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि उद्योगों एवं थर्मल पावर प्लांट में सर्वाधिक पानी की खपत होती है। अभी भी ये उद्योग शुद्ध पानी का उपयोग कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ के थर्मल पावर प्लांट महान नदी के पानी का दोहन करते हैं। एक हजार मेगावाट बिजली तैयार करने के लिए 3 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी की जरूरत पड़ती है।

- सम्मेलन में विशेषज्ञों ने पानी के बेतरतीब दोहन पर जताई चिंता



इन उद्योगों में उपयोग किए गए पानी को रिसाइकिल कर काम लाए जाएं तो जल स्त्रोतों का दबाव कम होगा। खेतों की सिचांई के लिए भी उपयोग किए गए पानी को नहरों के माध्यम से उपयोग करने के लिए शीघ्र कारगर पहल करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भू-जल को बिना रिचार्ज किए लगातार बेतरतीब तरीके से दोहन किया जा रहा है जो भविष्य के लिए अच्छा संकेत नहीं है। भू-जल का न्यूनतम दोहन एवं उसके रिचार्ज करने के लिए तत्काल कारगर पहल करने की आवश्यकता है। श्री गुप्ता ने कहा कि स्थानीय निकायों द्वारा पानी की आपूर्ति करने के दौरान कई बार संपवेल में बैक्टीरिया पहुंच जाते हैं। समय-समय पर इसकी साफ-सफाई करने की आवश्यकता है। नदी-नालों में गंदा पानी छोड़ने के पूर्व उसका ट्रीटमेंट आवश्यक है ताकि नदी-नालों के पानी को प्रदूषित होने से बचाया जा सके। नलकूपों का प्रयोग कम करने के साथ ही परमपरागत जल स्त्रोतों को पुनर्जिवित करने के उपाय होने चाहिए ताकि वर्षा के जल से लबालब पारंपिरक जल स्त्रोत भू-जल को रिचार्ज कर सकें। तालाबों एवं बांधों में जमें सिल्ट की साफ-सफाई गंभीरता से करने की जरूरत है। नलकूप खनन पर प्रतिबंध लगाने भू-जल को रिचार्ज करने के लिए कारगर पहल अपनाने की जरूरत है। सम्मेलन में देश भर के 1200 से अधिक विशेषज्ञ एवं शोधार्थियों ने भागीदारी की। आगामी सम्मेलन रायपुर में आयोजित करने एवं सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी प्रमुख अभियंता डॉ. एमएल अग्रवाल को सौंपने का निर्णय लिया गया।

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
मेडिसीन विभाग | नेत्र रोग विभाग | दंत रोग विभाग | स्त्री रोग
चर्म रोग विभाग | सर्जरी विभाग | शिशु रोग | हड्डी रोग
आईसीयू एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में | दिनांक - 27 जनवरी 2024 शनिवार
डॉ. रवि जायसवाल MD Medicine, DNB Medical ONCOLOGY, MRCP, ECMO Fellow at Cleveland Clinic, USA Consultant-Medical Oncology and Hematooncology
दिनांक - 28 जनवरी 2024, रविवार
डॉ. आकाश अग्रवाल एमबीबीएस, एमएस (सर्जरी) एमसीएच (यूरोलॉजी एंड रीनल ट्रांसप्लांट) कंसल्टेंट यूरोलॉजिस्ट एंड्रोलॉजिस्ट एंड रीनल ट्रांसप्लांट सर्जन
डॉ. भाविक शाह डी.एन.बी. (मेडिसिन) डी.एन.बी. (गैस्ट्रो) एम. आर.सी.पी.एस.सी.ई. (गैस्ट्रो) पूर्व सलाहकार अपोलो ग्लैनिगल्स हॉस्पिटल कोलकाता)
डॉ. गौरव त्रिपाठी एमडी, डीएम कार्डियोलॉजिस्ट
डॉ. राहुल अहलुवालिया एम.एस, एम.सी.एच न्यूरोसर्जरी
गायत्री हॉस्पिटल CREATING HEALTHY TOMORROW A MULTISPECIALITY HOSPITAL 24x7
पता - बनारस रोड, पी. जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर 9424250281, 8120906000, 8120809000

**न्यायालय अपर कलेक्टर, एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/ 457/ वाचक / 2024 सूरजपुर दिनांक 24 जनवरी 2024

**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण राजेश्वर बरवा आ. देवसाय बरवा, निवासी ग्राम करई, तहसील लखनपुर जिला सरगुजा (छ.ग.) एवं जसिन्ता मिंज आ. नेतलाल मिंज निवासी ग्राम चन्द्रपुर (कोथारी) तहसील प्रतापपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.) के द्वारा इस न्यायालय में विवाह प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, उम्र के सत्यापन हेतु अंकसूची की छायाप्रति, निवास प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। जिस पर न्यायालय द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/दावा हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 14/02/2024 को दिन के 2.00 बजे उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**अपर कलेक्टर**
**एवं विशेष विवाह अधिकारी**
**जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

सरगुजा मार्केट

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज़ थाइराइड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ. संजीत जायसवाल MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज ,थाइराइड, मोटापा,माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्रॉल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटा कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध:
दिनांक - 04 फरवरी 2024, दिन-रविवार
नोट- डॉ. प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एंड सुपर स्पेशलिटी सेंटर पारस हाइटस गेंहू बाडी, सी.एम.ओ. आफिस के बगल में, दर्रीपारा अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ. अमित मुखर्जी M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी., ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक-28 जनवरी 2024, रविवार
नोट- डॉक्टर चौथा रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपरस्पेशलिटी सेंटर "पारस हाइट्स", गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास, दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग., मो.- 7587722255

माहवारी के समय दर्द, असमय एवं अनियमित माहवारी, पेशाब में जलन, सफेद पानी, गर्भाशय में गठान, बाल झड़ना, चेहरे में मुंहासे, पुराना एक्जिमा एवं महिलाओं के समस्त रोगों का 100% प्राकृतिक और सफल होमियोपैथी उपचार के लिए संपर्क करे।
समय सुबह 08.00 बजे से 12.00 pm
दोपहर 02.00pm से रात 07.00 बजे तक।
डॉ. अमरीन फिरदौसी BHMS, MSC Nutrition
होमियोपैथी विशेषज्ञ एवं आहार विशेषज्ञ
शालीमार कालोनी, नवागढ़, महामाया मंदिर के पास, अंबिकापुर, 9179454786, 9753214959

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदें
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
फिर से होने की संभावना सबसे कम।
कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक, रायगढ़ रोड, खरसिया नाका, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा 497001 (छ.ग.)
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

फार्म भरें
नेशनल ओपन स्कूल द्वारा
N.I.O.S./ CBSE समक्ष पाठयक्रम
कक्षा 10, 12 वीं
परिक्षाएं हर 6 माह में
(माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी)
GEETA PUBLIC ENGLISH MEDIUM SCHOOL
केदारपुर, अंबिकापुर
Mo. 8120982790

पथरी मतलब
लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276, 9542344694, 9434062770

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. रोशन लाल वर्मा
MD (T.B. & RESPIRATORY DISEASES)
दमा, टी. बी., छाती एवं एलर्जी
26 जनवरी 2024, शुक्रवार
डॉ. अनिल कुमार यादव
एम.डी. (बी.एच.यू.) वाराणसी
सलाहकार अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर (छ.ग.)
मानसिक एवं न्यूरो रोग परामर्श
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम (कॉर्डियोलॉजिस्ट)
दिनांक-28 जनवरी 2024, रविवार
समय- सुबह 10 से 04 बजे तक
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 23 जनवरी 2024 दिन - बुधवार
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन।
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन. BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन।
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न।
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, पोस्टटेट कैंसर का ईलाज।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

देश की ताकत देशवासियों से बनती है।

आइये हर भारतीय की देशभक्ति का जश्न मनाते हैं, देश की ओर उनके हर कदम का मान बढ़ाते हैं।

हमारी ओर से आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं!

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
संकलनकर्ता
बसंत यादव
हरिभूमि प्रतिनिधि डांडगांव
जिला सरगुजा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
KARAMJEET SINGH & Co. Ltd.
Bhullar Complex, Darri Road, Korba, C.G.

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
रूरही बाई - सरपंच
त्रिलोचन सिंह - सरपंच प्रतिनिधि
नानसाय - उप सरपंच
रमेश पाण्डेय - सचिव
पंचगण एवं समस्त ग्रामवासी
ग्राम पंचायत चकेरी, जनपद पंचायत उदयपुर

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
S.B. Associates Pvt. Ltd.
Parsa, Surguja. C.G.

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती सुनीता बाई - सरपंच
श्रीमती सोनमेत बाई - उप सरपंच
सुधराम सिंह - सरपंच प्रतिनिधि
रमेश पाण्डेय - सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी
ग्राम पंचायत - तेन्दू टिकरा, वि.ख.-उदयपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती भोजवंती सिंह - अध्यक्ष
नीरज मिश्रा - उपाध्यक्ष
वेद प्रकाश गुप्ता - मुख्य कार्यपालन अधिकारी
एवं समस्त स्टाफगण जनपद पंचायत उदयपुर
जिला-सरगुजा (छ.ग.)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
एस के. मिश्रा
रोजगार गारंटी कार्यक्रम अधिकारी
एवं सतस्त स्टॉफगण, जनपद पंचायत उदयपुर (सरगुजा)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
कृष्णा प्रसाद स्यामले - युवा भाजपा नेता
पुष्पा सिंह स्यामले
झिरमिटी, उदयपुर जिला सरगुजा

शैलेन्द्र भारती
एस.डी.ओ
प्रवीण एक्का, अवधेश राजवाड़े
सीताराम पोर्ते, शैलेष मिश्रा
रणधीर कश्यप, विकास रवि, संदीप भगत
एवं समस्त स्टॉफगण
आरईएस विभाग उपसंभाग उदयपुर जिला- सरगुजा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
झल्लु राम नेटी - सरपंच
शिवकुमार यादव - उपसरपंच
रूपन सिंह - सचिव
पंचगण- उमाशंकर यादव, पंचराम, संतोष नेटी, श्रीमती सीता बाई, सुनीता बाई, मनमेत बाई, विधमेत बाई, विमला बाई, संतोषी, सरिता, सीता बाई सारथी,
एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत परसा, जनपद पंचायत उदयपुर, सरगुजा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
हरिहर प्रसाद - सरपंच
सतपाल सिंह सिरदार - उपसरपंच
शिवभजन सिंह - सचिव
वीरसाय - रोजगार सहायक
समस्त पंचगण व ग्रामवासी
ग्राम पंचायत लक्ष्मणगढ़, ज.पं. उदयपुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
महबूब हैदर - समिति प्रबंधक
सुरेन्द्र सिंह, अशोक दास
शाखा प्रबंधक एवं समस्त स्टॉफगण
आदिम जाति सेवा सहकारी समिति डांड़गांव (सरगुजा)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती संत कुमारी- सरपंच
गोपाल राम-सरपंच प्रतिनिधि
श्रीमती शांति देवी यादव- उपसरपंच
रूपन सिंह-सचिव
द्वारिका प्रसाद यादव
भुनेश्वर राम यादव-रोजगार सहायक
पंचगण- बुधेश्वर सिंह, सुशील कुमार यादव, जयप्रसाद राजवाड़े, सोनसाय, शिवशंकर पैकरा, श्रीमती तविलमा सिद्दीकी, मधई बाई, विनोदनी पैकरा, राजमती बाई, जानकी मरकाम, नसीमा आरा
पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत गुमगा, जनपद पंचायत उदयपुर (सरगुजा)

गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं...
शिवशंकर सोनी
शाखा प्रबंधक
शाखा प्रबंधक एवं समस्त स्टॉफ
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा उदयपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती संपती बाई- सरपंच
रन साय पैकरा- सरपंच प्रतिनिधि
श्री सुखराम- उप सरपंच
श्रीमती शेष कुमारी- सचिव
पंचगण : श्री करिया राम, सुमित्रा खाण्डे, अर्जुन सिंह, रामजनक, अनिल जायसवाल, बसंती, हिरोंदिया, संतोषी, सुमित्रा बिझवार, दुहा राम, गीता देवी, सुरजभान, पुरुषोत्तम सिंह, अनुराधा सांधे, कौशिल्या, रीना सिंह, यसोदा मरकाम, लखनलाल एवं समस्त ग्रामवासी
ग्राम पं.- डांड़गांव, ज.पं.-उदयपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
अवतार सिंह एण्ड कंपनी परसा
विकासखण्ड-उदयपुर (सरगुजा)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती पियारो बाई - सरपंच
रामसाय - सरपंच प्रतिनिधि
श्रीमती समरीत बाई - उपसरपंच
रंजित सिंह - सचिव
विनीत-समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी, ग्राम पंचायत पण्डरीडांड़
विकासखण्ड उदयपुर, सरगुजा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
L.C. कटरे
कोरबा छत्तीसगढ़

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
विजय कुमार कोर्राम - सरपंच
छत्तरपाल सिंह टेकाम - सचिव
श्रीमती मितबाई पोर्ते
उपसरपंच-ग्राम पंचायत साल्ही, जनपद पंचायत उदयपुर
पंचगण- ठाकुर राम कुसरो, श्रीमती बंधनराज पोर्ते, आनंद राम कुसरो, श्रीमती सुनिता उइके, श्रीमती अहिल्या कुसरो, सुखराम पोर्ते, श्रीमती कौशिल्या पोर्ते, रामलाल करियाम, श्रीमती कलावती मरकाम, बुधमान सुरही, श्रीमती मुन्नी बाई मरपच्ची, सोनराय ओरकेरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
रविकांत यादव - बीईओ
हेमप्रकाश साहू - एबीओ
उषा किरण बखला - बीआरसी
एवं समस्त स्टाफगण, विकासखण्ड उदयपुर, जिला सरगुजा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सरजू सिंह - सरपंच
श्रीमती कृष्णा कुमारी यादव - उप सरपंच
चंद्रबसु यादव - उप सरपंच प्रतिनिधि
बलदेव सिंह - सचिव
पंचगण : बुधराम, रतेश्वर राम, बुलहिन बाई, बंसत श्रीवास्तव, गंगा राम, कयासो बाई, बबन दास, अखलिता बाई, सीलकुंवर, समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्रा.पं.-शायर, ज.पं. उदयपुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)


समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं..
26 January Republic Day
लक्ष्मी राजवाड़े
केबिनेट मंत्री
छ.ग. शासन
राजेश तिवारी
लवकेश पैकरा
सत्यनारायण पैकरा
प्रवीण गुर्जर
समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं..
संकलनकर्ता
राकेश पाण्डेय
हरिभूमि प्रतिनिधि
ओड़गी
समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
ललीता भगत
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत, ओड़गी
समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती राजपति
सरपंच
भोला प्रसाद
सचिव
रोजगार सहायक एवं समस्त ग्रामवासी
ग्राम पंचायत लांजित
समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं..
मेवालाल पटेल
वन परिक्षेत्राधिकारी उपमण्डल
वन परिक्षेत्र बिहारपुर
समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं..
अम्बेलाल सिंह
अधीक्षक
प्री. मैट्रिक बालक छात्रावास थरसेड़ी
विकासखण्ड ओड़गी
समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री राजीव कुमार सिंह
विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी
श्री नरेन्द्र दुबे
बी.आर.सी.
कार्यालय विकासखण्ड
शिक्षा अधिकारी, ओड़गी
समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
रमापति मार्को
सरपंच
जुगेश्वर गुर्जर
सचिव
ग्राम पंचायत केसर
समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं..
श्री हरिनारायण राज
अनुविभागीय अधिकारी
किशोर कुमार खलखो
अनुविभागीय अधिकारी
शिखा जायसवाल, रजनीश पटेल, पंकज गुप्ता, विकास अग्रवाल, योगेश कुशवाहा, प्रभात साहू भूवनेश्वर सांडिल्य, संतोष पैकरा, किशन सोनवानी,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, ओड़गी
समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं..
श्रीराम कया बैस
प्रबंधक
बालक छात्रावास खोंड़
समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री नरेन्द्र गुप्ता
वनपरिक्षेत्राधिकारी एवं समस्त स्टॉफ
वन परिक्षेत्र कुदरगढ़, ओड़गी
समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती सुबरतानी मिंज
अधीक्षक
कस्तूरबा गांधी, आवासीय छात्रावास
ओड़गी
समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री रनमत लाल
सरपंच
रोजगार सहायक
एवं समस्त ग्रामवासी
ग्राम पंचायत मोहरसोप
श्री अरूण तिवारी
सचिव एवं रोजगार सहायक
समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री सीताराम देवांगन
सचिव
रोजगार सहायक
एवं समस्त ग्रामवासी
ग्राम पंचायत चपदा
श्रीमती सोनकेल
सरपंच
समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री गुलाब सिंह
अधीक्षक
बालक छात्रावास खोड़
समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
हीरो बाई
सरपंच
रामप्रसाद
सचिव, रोजगार सहायक
एवं समस्त ग्रामवासी
ग्राम पंचायत पालकेवरा
समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती फूलबसिया
सरपंच
विजेन्द्र जायसवाल
सचिव एवं रोजगार सहायक
एवं समस्त ग्रामवासी
ग्राम पंचायत छतरंग
समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
बंटी बैरागी
बी.एम.ओ.
एस.आर. आयाम
बी.पी.एम.
अविनाश सिंह
लेखापाल
एवं समस्त स्टाफगण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ओड़गी
समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती कुंतीबाई
सरपंच
श्री पन्नालाल
सचिव
रोजगार सहायक
एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत घुईडीह
समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
मीरा कुरील
महिला बाल विकास अधिकारी
अजीत लकड़ा
लेखापाल
ओड़गी, जिला - सुरजपुर
समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
कृष्ण कुमार सिंह
वरिष्ठ कृषि अधिकारी
सतीष राठिया
ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी
समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं..
पारसनाथ राजवाड़े
पूर्व संसदीय सचिव
पूर्व विधायक, भटगांव क्षेत्र
लवकेश गुर्जर

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
महेन्द्र राम
उद्यान अधीक्षक शिवपुर
विकासखण्ड रामानुजनगर

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
वन परिक्षेत्र अधिकारी
वन परिक्षेत्र एवं समस्त स्टाफगण
रामानुजनगर

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
तहसीलदार
एवं समस्त स्टाफगण
तहसील कार्यालय रामानुजनगर

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

संकलनकर्ता
धर्मचंद सिंह मरावी
हरिभूमि प्रतिनिधि
रामानुजनगर मो. 6266639427

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
निर्मल सिंह श्याम
मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी
एवं समस्त स्टाफगण रामानुजनगर

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
संजय राय
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ
जनपद पंचायत रामानुजनगर

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मानमती सिंह - सरपंच
सुरेश सिंह - सचिव
महेन्द्र सिंह - सरपंच प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत सागरपुर
जनपद पंचायत रामानुजनगर

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

विमला सिंह
सरपंच
पंचगण व ग्रामवासी ग्राम पंचायत पटना
जनपद पंचायत रामानुजनगर

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

हजारी लाल चक्रधारी
बी.आर.सी.
रामानुजनगर

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
अमर सिंह
जनपद सदस्य व सभापति
जनपद पंचायत रामानुजनगर

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
नन्द जी पाण्डेय
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
एवं समस्त स्टाफगण रामानुजनगर

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

